पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने एथलीट सुश्री सुधा सिंह को राजभवन में सम्मानित किया

लखनऊः 12 सितम्बर, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज राजभवन में एशियाड-2018 में रजत पदक प्राप्त विजेता एथलीट सुश्री सुधा सिंह को सम्मान स्वरूप 'झांसी की रानी लक्ष्मीबाई' का प्रतीक चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री हेमन्त राव, विशेष सचिव डाॅ0 अशोक चन्द्र, अपर विधि परामर्शी श्री कामेश शुक्ल एवं अन्य अधिकारी तथा सुश्री सुधा सिंह के पिता श्री हरि नारायण सिंह सहित श्री सी0एम0 सिंह, श्री मुकेश सिंह, श्री बी0पी0 सिंह के अलावा कोच श्री सुरेन्द्र सिंह भी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने सुश्री सुधा सिंह का अभिनन्दन करते हुए कहा कि भविष्य में और आगे बढ़े तथा देश एवं प्रदेश का नाम रौशन करें। खेल में हार-जीत तो होती रहती है। हारने का दुःख नहीं होना चाहिए बल्कि अच्छा खेलने के लिये प्रयास करते रहना चाहिए। जीवन में आगे बढ़ने की कोशिश करते रहना चाहिए। इससे समाज को भी प्रेरणा प्राप्त होती है। आगे बढ़ने के लिये प्रेरणा प्राप्त करने की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि मेहनत और लगन से ही आगे बढ़ा जा सकता है।

श्री नाईक ने कहा कि कि राजभवन में अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होते हैं जैसे कवि सम्मेलन, संगीत के कार्यक्रम, कुष्ठ पीड़ितों द्वारा प्रस्तुत भजन संध्या। परन्तु खेल से जुड़े खिलाड़ी सम्मान से राजभवन की गरिमा बढती है। राज्यपाल ने बताया कि विगत माह अगस्त में इसी राजभवन में प्रदेश के तीन विश्वविद्यालयों के खिलाड़ियों का सम्मान किया गया था। उन्होंने कहा कि देश में खेल कोटे से रेलवे, पेट्रोलियम एवं गैस कम्पनियों व अन्य सरकारी विभागों द्वारा देश के पदक प्राप्त खिलाड़ियों को नौकरी देने के साथ उन्हें खेल के लिये विशेष प्रोत्साहन दिया जाता है।

अंजुम/राजेन्द्र/राजभवन (359/25)

सस्नेह, राम नाईक राज्यपाल उत्तर प्रदेश
INDIA

सस्नेह, राम नाईक राज्यपाल उत्तर प्रदेश
INDIA